# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं. : 2231562, 2215089, वेबसाईट : www.bsea.bih.nic.in, ई मेल : bseapatna@gmail.com

पत्रांक-नि०प्रा०/नि० 01-03/2019 377 /पटना, दिनांक 15/03/2019

प्रेषक,

**कुमार शान्त रक्षित,**
प्रतिनियुक्त पदाधिकारी।

सेवा में,

**सभी जिला सहकारिता पदाधिकारी,**
बिहार।

विषय : **प्राथमिक कृषि साख सहयोग समितियों (पैक्स) के निर्वाचन, 2019 हेतु मतदाता सूची की तैयारी के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्राधिकार के पत्रांक 253 दिनांक 13.02.2019 द्वारा वर्ष 2019 में निर्वाचन देय प्राथमिक कृषि साख सहयोग समितियों (पैक्स) की प्रस्तावित प्रारूप मतदाता सूची पर प्रबंधकारिणी समिति का अनुमोदन प्राप्त करने के लिए दिनांक 01.03.2019 से 31.03.2019 की अवधि निर्धारित की गयी है। अनुमोदन प्राप्त करने की कार्रवाई के समय संबंधित प्रखंड के पर्यवेक्षीय पदाधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य है। इस हेतु प्राधिकार द्वारा पर्यवेक्षीय पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति के संबंध में एक पैनल तैयार करने का भी निदेश दिया गया था। आशा है कि आपके द्वारा प्रस्तावित प्रारूप मतदाता सूची पर प्रबंधकारिणी समिति का अनुमोदन प्राप्त करने की कार्रवाई की जा रही होगी।

अत: उक्त के प्रसंग में अनुरोध है कि निर्वाचन देय पैक्सों की प्रस्तावित प्रारूप मतदाता सूची पर प्रबंधकारिणी समिति का अनुमोदन प्राप्त कर संलग्न विहित प्रपत्र में प्राधिकार को अविलंब उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय।

विश्वासभाजन

**अनुलग्नक: यथोक्त।**

15/3/19
**( कुमार शान्त रक्षित )**
प्रतिनियुक्त पदाधिकारी।

ज्ञापांक : 377 /पटना, दिनांक 15/03/2019

प्रतिलिपि- अपर मुख्य सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15/3/19
**प्रतिनियुक्त पदाधिकारी।**

ज्ञापांक : 377 /पटना, दिनांक 15/03/2019

प्रतिलिपि- सभी जिला पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15/3/19
**प्रतिनियुक्त पदाधिकारी।**

वर्ष 2019 में निर्वाचन देय पैक्सों की प्रस्तावित प्रारूप मतदाता सूची पर प्रबंधकारिणी समिति का अनुमोदन प्राप्त होने की स्थिति:-

| जिला का नाम | प्रखंड का नाम | निर्वाचन देय पैक्स का नाम | प्रबंधकारिणी समिति का अनुमोदन प्राप्त होने की स्थिति- हाँ अथवा नहीं | अभ्युक्ति (अनुमोदन प्राप्त नहीं होने का कारण) |
|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |